**Investment in Private and Public Sectors during Sixth Plan**

1264. SHRI GEORGE FERNANDES: Will the Minister of PLANNING be pleased to state:

(a) whether the Draft of the Five Year Plan has been finalised;

(b) if so, the total investment proposed to be made in the private and public sector in the Five Year Plan; and

(c) whether matching resources for the Five Year Plan have been identified?

THE MINISTER OF PLANNING AND LABOUR (SHRI NARAYAN DATT TIWARI): (a) Yes, Sir.

(b) The Sixth Five Year Plan (1980-85) envisages a total outlay of Rs. 172,210 crores of which Rs. 97,500 crores will be in the public sector and Rs. 74,710 crores in the private sector, at 1979-80 prices.

(c) Yes, Sir.

**स्वतन्त्रता सेनानी संसद् सदस्यों की बैठक**

1265. श्री रामावतार शास्त्री: क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जो संसद सदस्य स्वतंत्रता सेनानी रहे हैं उनकी एक बैठक 22 दिसम्बर, 1980 को अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी संगठन के तत्वावधान में आयोजित की गई थी ;

(ख) यदि हां, तो क्या कुछ संसद सदस्यों ने स्वतंत्रता सेनानियों को कुछ अधिक सुविधाएं देने के लिए कुछ सुझाव दिये थे ;

(ग) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ; और

(घ) इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री योगेन्द्र मकवाना)** : (क) संसद सदस्यों की बैठक 23 दिसम्बर, 1980 को हुई थी ।

(ख) जी हां, श्रीमान् ।

(ग) संलग्न विवरण के अनुसार ।

(घ) चूंकि स्वतंत्रता सेनानियों को पेंशन स्वीकृत करने के लिए उदार बनाई गई योजना 1-8-1980 से लागू हुई है अतः इस समय योजना में और आगे छूट देने पर विचार करना उपयुक्त नहीं है ।

जहां तक पेंशन स्वीकृत करने के लिए कुछ अन्य आन्दोलनों को अर्हक आन्दोलन के रूप में मान्यता देने से संबंधित सुझाव का सम्बन्ध है, मामला विचाराधीन है ।

अन्य सुझावों पर कार्रवाई की जा रही है और राज्य सरकारों आदि को शीघ्र उपयुक्त अनुदेश जारी किए जाने की आशा है ।

**विवरण**

**1. स्वतंत्रता सेनानी पेंशन योजना**

1. संसद के दोनों सदनों के सदस्यों की एक सलाहकार समिति होनी चाहिए जिसमें प्रत्येक राज्य का कम से कम एक सदस्य होना चाहिए । सदस्यों को किसी विशेष क्षेत्र से सदस्य सह-योजित करने का अधिकार दिया जाना चाहिए, जब उस क्षेत्र के किसी विशेष प्रश्न पर विचार किया जा रहा हो । समिति के पास उसके कार्य में सहायता देने के लिए लिपिक वर्गीय कर्मचारी होने चाहिएं ।

2. स्वतंत्रता सेनानी पेंशन की स्वीकृति के लिए जेल यातना घटाकार 3 महीने की जानी चाहिए और क्षमा को अवधि 30 दिन से बढ़ाकर 2 महीने की जानी चाहिए ।

3. जो स्वतंत्रता सेनानी भूमिगत यातना, नजरबंदी/निष्कासन के बारे में प्रमाण पत्र दे सकते हैं उनके लिए अपेक्षित 5 वर्ष-